भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 266 का उत्तर

कोडाई रोड से थेनी तक रेल रूट का विस्तार

266. श्री तमिलसेल्वन थंगा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु में कोडाई रोड से थेनी तक नए रेल मार्ग के निर्माण का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित संरेखण, अनुमानित लागत और इसे पूरा करने की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह मार्ग, जो क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ा सकता है, आर्थिक विकास को सहायता प्रदान कर सकता है, निवासियों के लिए आसान परिवहन की सुविधा प्रदान कर सकता है और इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा दे सकता है, पर विचार नहीं किए जाने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस रेल मार्ग के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन कराया है; और

(ङ) यदि हां, तो अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उन निष्कर्षों के आधार पर क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

कोडाई रोड से थेनी तक रेल रूट का विस्तार के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री तमिलसेल्वन थंगा के अतारांकित प्रश्न सं. 266 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ङ): रेल अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को चालू परियोजनाओं के थ्रोफारवर्ड के अध्यधीन लाभप्रदता, रेलवे की अपनी परिचालनिक और वाणिज्यिक आवश्यकता, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता, भू-भाग संबंधी, अपरिहार्य मुद्दों, राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगों, सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि और धन की समग्र उपलब्धता के आधार पर शुरू किया जाता है जो सतत प्रक्रिया है।

मदुरै-बोडिनायक्कनूर (90.41 किलोमीटर) खंड के आमान परिवर्तन कार्य के पूरा होने के पश्चात वर्ष 2022-23 में कोडईकनाल को मदुरै जंक्शन के रास्ते थेनी के साथ जोड़ दिया गया है।

******

s.k